वर्ष- 3 , अंक- 131

छपरा

12 अप्रैल रविवार

2026

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

# पीएम बोलेः बंगाल की जनता टीएमसी का अहंकार चकनाचूर करेगी

## भय का राज बदलेगी भाजपा ; असम के एक बूथ पर हुई दोबारा वोटिंग



**कोलकाता//तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल में हैं। उन्होंने पूर्व वर्धमान जिले के कटवा और मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पीएम ने पूर्व वर्धमान में कहा- बंगाल बदलाव के लिए तैयार है। यहां की महान विरासत पर टीएमसी ने पिछड़ेपन का दाग लगाकर पाप किया है।

पीएम ने कहा- बीजेपी ने बंगाल को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लिया है। हमने कल ही घोषणापत्र जारी किया, इसमें 6 गारंटियां हैं। मोदी की गांरटी टीएमसी की निर्मम सरकार के भय राज को हटाके भरोसे में बदलने की है।

मुर्शिदाबाद में मोदी ने कहा- आजादी के बाद से, बंगाल को चुनौती देने की हिम्मत करने वाले हर व्यक्ति का अहंकार चकनाचूर हो गया है। पहले अंग्रेजों का, फिर कांग्रेस का, और अंत में वामपंथियों का अहंकार भी चकनाचूर हो गया। अब बंगाल की जनता टीएमसी के अहंकार को चकनाचूर कर देगी।

असम के श्रीभूमि जिले में करीमगंज (उत्तर) विधानसभा क्षेत्र के 239-बेबीलैंड हाई इंग्लिश स्कूल मतदान केंद्र पर दोबारा वोटिंग हुई । सुबह 7 बजे से शुरु हुई वोटिंग शाम 5 बजे तक चली।

9 अप्रैल को यहां पर भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के झगड़ा हुआ था। इसके बाद अधिकारियों ने दोबारा चुनाव कराने का आदेश जारी किया था। इस सीट से 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

**पीएम बोले- बंगाल की जनता टीएमसी का अहंकार चकनाचूर कर देगी:** पीएम मोदी ने कहा- आजादी के बाद से, बंगाल को चुनौती देने की हिम्मत करने वाले हर व्यक्ति का अहंकार चकनाचूर हो गया है। पहले अंग्रेजों का, फिर कांग्रेस का, और अंत में वामपंथियों का अहंकार चकनाचूर हो गया। अब बंगाल की जनता टीएमसी के अहंकार को चकनाचूर कर देगी।

मोदी ने कहा- बंगाल की जनता ने मां, माटि और मानुश के नारे से प्रेरित होकर, बहुत आशा और उमंग के साथ टीएमसी को एक मौका दिया लेकिन सत्ता में आते ही टीएमसी वामपंथियों की कॉर्बन कॉपी बन गई।

प्रधानमंत्री ने कहा- वामपंथियों से जुड़े सभी गुंडे और गिरोह तृणमूल में शामिल हो गए हैं। टीएमसी ने अब हर चीज का जिम्मा अपने हाथ में ले लिया है- हथियारों, नशीले पदार्थों और मवेशियों की तस्करी से लेकर उन कटौतियों और कमीशनों तक, जो कभी वामपंथियों की पहचान हुआ करती थीं।

**पीएम बोले- बंगाल में कमीशन-भ्रष्टाचार की व्यवस्था खत्म करेंगे:**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीजेपी सरकार बनने पर राज्य में 'कट मनी', कमीशन और भ्रष्टाचार की व्यवस्था खत्म कर दी जाएगी। राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे, जिससे युवाओं को फायदा मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी के घोषणा पत्र के अनुसार, सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सरकारी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिया जाएगा।

## भाजपा की सरकार बनी, तो 'सिंडिकेट राज' खत्म करेंगे, घुसपैठियों को खदेड़ेंगे : अमित शाह



**कोलकाता,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के ओंडा-विष्णुपुर क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने 'सिंडिकेट राज ', भ्रष्टाचार और घुसपैठ जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए दावा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर इन समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा।

सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि राज्य में हर स्तर पर सिंडिकेट का प्रभाव है। चाहे वह निर्माण कार्य हो या रोजमर्रा की जरूरतें। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनता से 23 अप्रैल को कमल के निशान पर वोट देने की अपील करते हुए कहा 'प्रचंड बहुमत से भाजपा को जिताइए, हम बंगाल से सिंडिकेट राज को समाप्त कर देंगे।'

अमित शाह ने बांकुड़ा क्षेत्र के विकास को लेकर भी राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में इस इलाके की उपेक्षा हुई है, जिसके कारण युवाओं को रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ा। साथ ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनने पर विष्णुपुर में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाएगा और क्षेत्रीय विकास को गति दी जाएगी।

महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर भी अमित शाह ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है और स्थिति चिंताजनक है। भाजपा सरकार बनने पर 24 घंटे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घुसपैठ के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा 'घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।' उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें बाहर किया जाएगा और मतदाता सूची से भी अवैध नाम हटाए जाएंगे।

अपने संबोधन में शाह ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा भी दोहराया। उन्होंने कहा कि इससे देश के सभी नागरिकों के लिए समान कानून सुनिश्चित होगा। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की।

सभा के दौरान अमित शाह ने राज्य सरकार पर कई घोटालों-जैसे शिक्षक भर्ती, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य मामलों में संलिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर इन सभी मामलों की जांच के लिए आयोग गठित किया जाएगा और दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

## बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से 2.49 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों को नुकसान, गेहूं सबसे ज्यादा प्रभावित




**नई दिल्ली,एजेंसी।** बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से 8 अप्रैल तक 2.49 लाख हेक्टेयर में खड़ी रबी फसलों को नुकसान पहुंचा है। इसमें गेहूं की खेती सबसे अधिक प्रभावित हुई है। आम और लीची जैसी बागवानी फसलों को भी नुकसान हुआ है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा, मोदी सरकार इस संकट में किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। 5 अप्रैल को अधिकारियों को प्रभावित राज्यों में नुकसान की समीक्षा करने और प्रदेश सरकारों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया था। तीन विभागों की ओर से इस नुकसान की समीक्षा की जा रही है। राज्य सरकारों से भी तुरंत नुकसान का आकलन करने को कहा गया है। इसके अलावा, प्रभावित क्षेत्रों के कृषि मंत्रियों से भी बातचीत की गई है।

**संकट के बीच उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा केंद्र**

मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में उन्नत कृषि महोत्सव शुरू होने से पूर्व चौहान ने कहा, सरकार वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचने के लिए उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। सरकार चाहती है कि किसान को उपज का उचित मूल्य मिले, उर्वरकों की उपलब्धता बनी रहे और किसान पर वैश्विक संकट का बोझ न्यूनतम रहे।

## 'शांति से 15,000 देते रहो, खुश रहो'

## सुप्रीम कोर्ट ने पत्नी से 16 साल से अलग रह रहे पति से कहा, तलाक देने से इनकार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल से पत्नी से अलग रह रहे 54 साल के एक व्यक्ति को तलाक देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वह अपनी पत्नी को 15,000 मासिक गुजारा भत्ता देता रहे और अगर तलाक चाहिए तो स्थायी गुजारा भत्ते का ठोस प्रस्ताव दे।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि 15,000 आज के समय में बहुत कम राशि है। कोर्ट ने साफ कहा, 'शांति से 15,000 देते रहो, खुश रहो।' इससे पहले हाईकोर्ट ने भी इस व्यक्ति की तलाक याचिका खारिज कर दी थी। पति-पत्नी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

**कोर्ट ने गुजारा भत्ता तय करने के लिए समय दिया:** कोर्ट ने यह भी कहा कि पति ने क्रूरता का जो आधार बताया है, वह सिर्फ इतना है कि पत्नी चाहती थी कि वह जहां भी पोस्टेड हो, उसके साथ रहे। इस पर कोर्ट ने सवाल किया, इसमें दिक्कत क्या है।

### सीजेआई सूर्यकांत बोले- इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहमः

## भारत केवल पूंजी या पॉलिसी के दम पर 10 ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी नहीं बन सकता



**नई दिल्ली,एजेंसी।** CJI सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है।जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है।भारत को लंबी अवधि के निवेश की जरूरत CJI ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना- ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं।

उन्होंने कहा कि निवेशक सबसे पहले ये देखते हैं कि जिस देश में वे पैसा लगा रहे हैं, वहां का कानून आगे भी ईमानदार, स्थिर और भरोसेमंद रहेगा या नहीं। उनके मुताबिक असली बात सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट निभाने की नहीं है, बल्कि पूरे रिश्ते में भरोसा बनाए रखने की है।

## महाराष्ट्र के तीन जिलों में भूकंप के हल्के झटके, कोई हताहत नहीं

मुंबई,एजेंसी। महाराष्ट्र के तीन जिलों हिंगोली, नांदेड़ और परभणि में शनिवार को सुबह करीब आठ बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इस भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी है। भूकंप का केंद्र हिंगोली जिले के वसमत तहसील के शिरली गांव में ज़मीन से 10 किलोमीटर नीचे था। इन तीनों जिलों में प्रशासन अभी भूकंप से हुए नुकसान का आकलन कर रहा है।नांदेड जिले प्राशसनिक एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप के झटके पड़ोसी नांदेड़ जिले के अर्धापुर, हदगांव और हिमायत नगर तहसील में तथा परभणी जिले के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए।

### ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंतीः

## राष्ट्रपति समेत कई नेताओं ने किया नमन पीएम बोले- उनके विचार आज भी मार्गदर्शक




**नई दिल्ली,एजेंसी।** महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर देश के शीर्ष नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी प्रेरणा स्थल पहुंचकर महात्मा फुले को पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महात्मा फुले को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके समाज सुधार के योगदान को याद किया।

**पीएम मोदी ने बताया- फुले आज भी प्रेरणा स्त्रोतः** पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा फुले केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि आज भी भारत के भविष्य के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि फुले ने अपना जीवन समानता, न्याय और शिक्षा के लिए समर्पित किया और महिलाओं व वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष की मजबूत नींव रखी। प्रधानमंत्री ने यह भी जोर दिया कि उनके विचार आज के भारत में 'सबका साथ, सबका विकास' जैसे संकल्पों में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

**पीएम मोदी और राहुल गांधी के बीच हुई बातचीतः** संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच संक्षिप्त बातचीत भी हुई।

## मुंबई में गैस की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई

### अवैध रूप से रखे गए 451 एलपीजी सिलिंडर किए गए जब्त



**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई में आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में की गई है। राशनिंग विभाग ने एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और परिवहन से जुड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। कुल 451 एलपीजी सिलिंडर बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि डोंगरी के वाडी बंदर क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान के दौरान 40 लाख रुपये से अधिक का सामान जब्त किया गया और आठ वाहनों को रोका गया। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई राशनिंग नियंत्रक और नागरिक आपूर्ति निदेशक को प्राप्त गोपनीय खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए, तत्काल विशेष निर्देश जारी किए गए, जिसके बाद विभाग के फ्लाइंग स्क्वाड ने एक सुनियोजित अभियान चलाया।

## वृंदावन हादसा-11 श्रद्धालुओं की मौत, 4 लापता

### यमुना से बेटे की लाश निकली तो बुजुर्ग पिता रो पड़ा; 250 गोताखोर रेस्क्यू में जुटे



**मथुरा,एजेंसी।** मथुरा के वृंदावन में नाव हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। अब तक 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। अभी 4 लोग लापता हैं। शनिवार को दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। आर्मी समेत 250 लोगों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है। 14 किमी के दायरे में लापता लोगों की तलाश की जा रही है। एक शव देवरहा बाबा घाट के पास से बरामद किया गया। बेटे की लाश देखकर बुजुर्ग पिता रो पड़े। परिवार वालों ने उन्हें ढांढस बंधाया। बाकी लापता अब तक क्यों नहीं मिल पाए? इस सवाल पर रेस्क्यू में जुटे अफसर ने बताया कि यमुना का बहाव तेज है, इसलिए लोग बहकर दूर जा सकते हैं। नदी में गाद (कीचड़) और रेत में शव दबे हो सकते हैं। 24 घंटे बाद शव फूलकर ऊपर आ सकते हैं।

हादसा शुक्रवार दोपहर 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जहां 37 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई थी। घाट बांके बिहारी मंदिर से करीब 2 किमी दूर है।

## महंगाई भत्ते को लेकर कर्मियों-पेंशनभोगियों में भेदभाव न करें राज्य, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महंगाई से निपटने के लिए भत्ते बढ़ाने के मामले में राज्य सेवारत कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समानता के अधिकार को बरकरार रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसले में, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने केरल राज्य और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की ओर से दायर अपीलों को खारिज कर दिया और पुष्टि की कि महंगाई सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों कर्मचारियों को समान रूप से प्रभावित करती है।

फैसला लिखने वाले जस्टिस मिश्रा ने कहा, वास्तव में, समानता और मनमानी एक दूसरे के कट्टर दुश्मन हैं। एक गणतंत्र में कानून के शासन का हिस्सा है, जबकि दूसरा निरंकुश राजा की सनक और मनमानी का। संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का हवाला देते हुए, फैसले में कहा गया है कि यह वर्ग-आधारित कानून बनाने पर रोक लगाता है, लेकिन उचित वर्गीकरण की अनुमति देता है, जिसे दो कसौटियों को पूरा करना होगा। दोहरी कसौटियों के अनुसार, वर्गीकरण एक ऐसे बोधगम्य अंतर पर आधारित होना चाहिए जो एक समूह में रखे गए लोगों को दूसरों से अलग करता हो, और दूसरा, उस अंतर का अधिनियम से प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्य के साथ तर्कसंगत संबंध होना चाहिए।

## बंगाल में मतदाता सूची को फ्रीज करने के फैसले के खिलाफ अर्जी पर 13 को सुनवाईः

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग की मतदाता सूची को फ्रीज करने को चुनौती देने वाली लंबित याचिकाओं के साथ एक नई याचिका पर 13 अप्रैल को सुनवाई करने की सहमति दी। चुनाव आयोग ने पहले चरण में मतदान के लिए विधानसभा सीटों की मतदाता सूची को 9 अप्रैल को फ्रीज और अंतिम रूप दे दिया था। जेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ के समक्ष एक वकील ने मतदाता सूची पर रोक लगाने के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया। वकील ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ कई अपीलें अभी भी लंबित हैं और चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को मतदाता सूची पर रोक लगा दी थी।

## सोनपुर नगर परिषद में वार्डों की संख्या 21 से बढ़कर हुई 25

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सरकार द्वारा वार्डों के पुनर्गठन और परिसीमन का गजट प्रकाशित कर दिया है, जिसके बाद अब सोनपुर नगर परिषद में वार्डों की संख्या 21 से बढ़कर 25 हो गई है। सारण प्रमंडल आयुक्त के अनुमोदन के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ( न.प. ) सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के आदेश से विगत 30, मार्च को यह गजट जारी किया गया था ।?गजट प्रकाशन के साथ ही प्रशासनिक गलियारों में चुनावी हलचल भी तेज हो गई है। वर्तमान में मतदाता सूची तैयार करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।निर्वाचन संबंधी संभावित कार्यक्रम पर नजर डालें तो 15 अप्रैल 2026 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा।? जबकि 15 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक नाम जोड़ने और सुधार के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी होगी। जबकि ?13 मई 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।13 मई के बाद नगर निकाय चुनाव की तारीखों की आधिकारिक घोषणा होने की पूरी संभावना है।वार्डों के परिसीमन में दिखा जनसंख्या का सटीक संतुलन??2011 की जनगणना के आधार पर किए गए वार्डों के परिसीमन में जनसंख्या का सटीक संतुलन देखने को मिला है। नगर परिषद के लगभग सभी वार्डों में औसत आबादी 1500 के आसपास रखी गई है, जो भविष्य के समान विकास के लिए बेहतर आधार प्रदान करेगी।

## पुलिस ने पूर्व के कांड में तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### पुलिस ने देसी शराब, बाइक को किया जप्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नायगांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान में छापामारी कर कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार तीन वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। एक बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने शनिवार क़ो बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व के कांड में अभियुक्त पकड़ा गया है.जिसमें बहैरवागाछी के सुकूल सहनी के पुत्र अजय साहनी,दुखन सहनी के पुत्र शिवजी सहनी, शेखडुमरी के स्व मिश्री सहनी के पुत्र नागेश्वर राम क़ो गिरफ्तार कर उसे छपरा जेल भेज दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए छापामारी के दौरान 50 लीटर देसी शराब व एक बाइक को दीनानाथ माझी घाट के पास से जप्त किया गया है. शराब कारोबारी बाइक पर देसी शराब लाद कर कहीं जा रहा था इसी दौरान दीनानाथ मांझी घाट के पास पुलिस वाहन के देखते ही वह मोटरसाइकिल एवं शराब छोड़कर भागने में सफल रहा.जहां पुलिस ने देसी शराब व बाइक को जप्त कर लिया है।साथ ही शराब कारोबारी को चिन्हित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## जीविका से जुड़कर महिलाएं सिलाई कटाई कर बन रहीं आत्मनिर्भर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जीविका से जुड़ी पढ़ी-लिखी महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। ये महिलाएं सिलाई-कटाई का कार्य कर ये हर महीने लगभग 3 से 5 हजार रुपये तक की आमदनी कर रही हैं, इस बढ़ती महंगाई में गरीब तबके लोगों को कमर तोड़ रही है. ऐसी स्थिति में वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लेकर घर से निकल कर अहम भूमिका निभा रही हैं। हालांकि, इन महिलाओं के सामने अभी भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं। संसाधनों के अभाव में अधिकतर महिलाएं पुराने और जर्जर सिलाई मशीनों से काम करने को मजबूर हैं। नई तकनीक और आधुनिक मशीनों की कमी के कारण उनकी उत्पादन क्षमता और आय पर भी असर पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि यदि सरकार द्वारा उन्हें नई सिलाई मशीनें अन्य संसाधन उपलब्ध कराई जाएं, तो वे अपने काम को और बेहतर तरीके से कर सकती हैं और अपनी आय में भी वृद्धि कर सकती हैं। शगुन जीविका महिला विकास स्वावलम्बी सहकारी समिति लि. गोविन्दचक, सोनपुर सहित अन्य सिलाई सेंटर पर चल रही महिला जिसमे सविता देवी,रीमा देवी, सुनीता देवी, अमृता कुमारी राय, ज्योति देवी, पिंकी कुमारी, फुल कुमारी, सहित अन्य सैकड़ो महिलाओ ने सरकार से मांग किया है कि उन्हें आधुनिक सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई जाएं, एवं जो कपड़ा सिलाई या कटाई के लिए मिलती है उसमें कम पैसे मिलती है. एक बच्चे के शर्ट पेंट पर मात्र 48/- ही मिलती है. दिन भर मात्र 4-5 ही कपड़ा सिलाई कर पाती है. इस बढ़ती महंगाई में एक शर्ट पेंट पर कम से कम 100/-मिलनी चाहिए। ताकि वे आत्मनिर्भरता की दिशा में और मजबूत कदम बढ़ा सकें। जीविका से जुड़कर महिलाओं में आत्मविश्वास तो बढ़ा है, लेकिन अगर उन्हें आवश्यक संसाधन मिल जाएं,सही मजदूरी मिले तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज के विकास में भी और अधिक योगदान दे सकती हैं। मौके पर जीविका संदीप कुमार ( सीसी ), सरोज कुमार , रामसेवक दास, मनीष कुमार सहित अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

## बागवानी और गेंहू मे लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड टीम ने पाया काबू

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चान्दबरवा बागवानी और गेहूं के फसल में भीषण आग लगने से किसानों को हजारों रुपये की क्षति हुई । मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम और 112 टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबु पाया गया। आग कैसे लगी पता नहीं चल पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आम के बागवानी के जंगलों मे भयंकर आग लगने के कारण सूखे घास-फूस के वजह से आग गेहूं के खेत तक पहुंच गई और विकराल रूप धारण कर लिया। वही स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा इतनी बड़ी लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हो सकता था इसलिए किसी प्रकार की अनहोनी घटना नहीं हो सकी ।

## एचपीवी वैक्सीन को लेकर जागरूकता बैठक, बच्चियों को दी गई टीकाकरण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव को एचपीभी वैक्सीन की जागरूकता को लेकर जन प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गयी। वहीं परिसर में पहुंची बच्चियों को चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने वैक्सीन दिया। प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप ने बताया कि 14 -15 वर्ष की बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके जागरूकता के लिए जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, वैक्सीन की सुरक्षा पर भरोसा कायम करना और पात्र बच्चियों को स्वास्थ्य केंद्र पर टीका लगवाना सुनिश्चित करना है।

## बैठक – स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

### बैठक में CCTV और अलार्म सिस्टम लगाने के निर्देश



**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर(सारण)।** सारण जिले में स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना परिसरों में स्वर्ण व्यवसायियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उनकी सुरक्षा, सतर्कता एवं अपराध-निरोधक उपायों को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम में बनियापुर थाना परिसर में शनिवार की शाम करीब 6 बजे थाना अध्यक्ष पिंटू कुमार ने स्वर्ण व्यवसायियों के साथ बैठक की। इस दौरान व्यवसायियों को दुकानों में छष्टञ्जङ्क कैमरे लगाने, फुटेज सुरक्षित रखने, अलार्म सिस्टम स्थापित करने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। थाना अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है।

# राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में लैंगिक अपराधों से बचाव के लिए जागरुकता सेमिनार आयोजित



**दैनिक खोज खबरमढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के सभागार में लैंगिक अपराधों से बचाव के लिए जागरुकता सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को छपरा न्यायालय के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज श्रीमति स्मिता राज ने कॉलेज के उपस्थित दर्जनों प्रशिक्षणार्थियों के बीच संबोधन के माध्यम से लैंगिक अपराधों के रोकथाम के लिए अपने सुझाव साझा किए और प्रोटेक्शन के लिए संबंधित लैंगिक निरपेक्ष सख्त कानून पोश एक्ट और पॉक्सो एक्ट की भी जानकारी दी। उन्होंने साथ ही कॉलेज स्तर पर भी इस तरह के मामले के निपटान के लिए बनाए गए इंटरनल कमिटी की सराहना की और कहा कि जहां पर इस तरह के प्रस्थितियां बनने की संभावना है, वहां प्रारंभिक स्तर पर इंटरनल कमिटी बनाई जानी चाहिए। वहीं स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के लेक्चरर व कॉलेज इंटरनल कमिटी की चेयरपर्सन डॉक्टर रामा सिंह ने कहा कि यहां पर कॉलेज स्तर पर इंटरनल कमिटी बनाई गई है। लेकिन अच्छी खबरें है कि ऐसे एक भी मामले अब तक नहीं आए हैं। कमिटी के को-ऑर्डिनेटर प्रो. विजया लक्ष्मी कुमारी, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. अंजली कुमारी ने भी अपने विचार प्रकट किए। वहीं कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिंह ने भी अपनी बात रखते हुए कार्यक्रम में न्यायाधीश महोदया के उपस्थिति के लिए आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि छपरा न्यायालय के एडिशनल न्यायधीश श्रीमति स्मिता राज व अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार, पैनल एडवोकेट सुनीता कुमारी,असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शशि प्रभा जोशी, कॉलेज के प्रो. रजनीश कुमार सिंह, प्रो. उपेंद्र गिरी, प्रो धनंजय कुमार, अशोक कुमार सुमन, अनुज कुमार समेत दर्जनों की संख्या में कॉलेज की छात्रङ्कछात्राओं की उपस्थिति रही।

## सोनपुर व्यवहार न्यायालय का निर्माण कार्य शुरू

### 38 करोड़ की लागत से बनेंगे नये व्यवहार न्यायलय का भवन

**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर ।** सोनपुर अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के नए भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बीते 9 अप्रैल 26 को सोनपुर एसडीएम स्निग्धा नेहा ने कार्यस्थल पर चल रहे सफाई कार्य को यह कहते हुए रुकवा दिया कि संबंधित भूमि जिला परिषद की है।जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अमर राय, जिला परिषद सदस्य विनोद यादव-परसा, सुमन कुमार-दिघवारा, सुनील कुमार यादवङ्क सोनपुर ने शुक्रवार को उस निर्माण स्थल पर पहुंच कर व्यवहार न्यायलय के निर्माण कार्य के लेकर विरोध किया था। और बताया कि 2.5 एकड़ जमीन जिला परिषद का है। जिला परिषद सदस्यों ने बताया कि इस जमीन के लिए परिषद पहले ही पूरा प्लान सेट कर चुकी है, इस पर एक भव्य मॉल और आधुनिक दुकानों वाला बाजार बनाने की योजना है। वही दूसरी ओर भवन निर्माण विभाग का दावा है कि सरकार और सारण जिला प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू किया गया है। एक दिन के गतिरोध के बाद शनिवार से निर्माण स्थल पर कार्य पुनः प्रारंभ कर दिया गया। चयनित भूमि पर जेसीबी और मजदूरों की सहायता से सफाई का काम युद्धस्तर पर जारी है। ?इस परियोजना को लेकर पिछले कुछ दिनों में जिला प्रशासन और सारण जिला परिषद के बीच संवाद की स्पष्ट कमी देखी गई, जिसके चलते काम में अस्थायी बाधा उत्पन्न हुई थी। स्थानीय जानकारों और प्रबुद्ध नागरिकों का मानना है कि यह विवाद अनावश्यक था। जिला पार्षदों को सार्वजनिक बयानबाजी करने से पूर्व आधिकारिक तथ्यों की पुष्टि कर लेनी चाहिए थी। चूंकि यह मामला सीधे तौर पर न्यायिक विभाग के बुनियादी ढांचे से जुड़ा है, इसलिए इसमें राजनीतिक हस्तक्षेप से बचा जा सकता था। सोनपुर ?एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के पीछे वर्तमान व्यवहार न्यायालय के ठीक पश्चिम स्थित सरकारी भूमि पर



व्यवहार न्यायलय के निर्माण होगा जिसकी लागत लगभग ?38 करोड़ होने की संभावना।यदि स्थितियां सामान्य रहीं, तो इसी माह पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा भूमि पूजन किए जाने की प्रबल संभावना है। वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह ने इस बात के जानकारी देते हुए कहा कार्य तीव्र गति से शुरू हों रहा है। मौके पर संघ अध्यक्ष डॉ. नवल कुमार सिंह, महासचिव अभय कुमार सिंह,सुनील श्रीवास्तव, रमेश सिंह, परसनाथ सिंह, आनंद कुमार सिंह, सलील सौल्की सहित अन्य अधिवक्ता और स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नए और आधुनिक भवन के निर्माण से न्यायिक प्रक्रियाओं मे सुगमता आएगी और वादकारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। ?

## शाखा डाकपाल के अवकाशोपरांत विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** जलालपुर उप डाकघर के अन्तर्गत गौरीशंकर के बंगरा शाखा डाकघर के शाखा डाकपाल देवेन्द्र नाथ शर्मा के अवकाशोपरांत उनके सम्मान मे शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।उप डाकघर जलालपुर बाजार के सभागार में एक सादे समारोह में श्री शर्मा को विदाई दी गई। उन्हें अंगवस्त्र देकर विदा किया गया तथा उनके 42 वर्षों के कार्यकाल की सराहना की गई। सहायक शाखा डाकपाल नग नारायण सिंह ने सहायक डाक अधीक्षक केन्द्रीय अनुमंडल छपरा के आदेश से शाखा डाकपाल बंगरा का पदभार ग्रहण किया। सभा की अध्यक्षता भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के राष्टीय अध्यक्ष राजेश्वर कुंवर ने की। उन्होंने डाक विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि उनकी लापरवाही के कारण ही इस छोटे कर्मचारी को आज के दिन ग्रेच्युटी का भी भुगतान नहीं हो सका जबकि अवकाश ग्रहण करने के ही दिन भुगतान होनी चाहिए। इस अवसर पर उप डाकपाल सुनील सिंह, सूरज पासवान ,अमितांशु भूषण मिश्र , मनोज कुमार मिश्र , अनिल कुशवाहा सरपंच,तरुण कुमार सिंह, कृष्णा पंडित ,सूरज पुरी , नीतेश ,सनत तिवारी, अशोक पाण्डे , राकेश कुमार,धनीश, मनोज मिश्र एवं राजेन्द्र त्रिपाठी अभिकर्ताओं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जलालपुर के नए थानाध्यक्ष के लिए सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** जलालपुर थाना परिसर में शनिवार को जलालपुर के गणमान्य एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा थाना परिसर में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें नए थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार को सम्मानित किया गया एवं जलालपुर के पूर्व थाना अध्यक्ष राजेश कुमार के लिए फेयरवेल का भी आयोजन किया गया।मौके पर इंसानियत जिंदाबाद टीम के विवेक तिवारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता नागेंद्र राय, मुखिया नागेंद्र माझी, धर्मेंद्र यादव, पूर्व मुखिया अशोक सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष श्रीराम राय, बीडीसी राजन तिवारी,सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, संजय राम, अनिल किशोर सिंह, शिवजी राम, कृष्णा तिवारी, उप प्रमुख सनिश कुमार सिंह, डा. मुन्ना भास्कर, शैलेंद्र साधु, उत्तम बैठा सहित क ई अन्य मौजूद रहे।

## सेमरी में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबला, घोंघिया ने मारी बाज़ी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सेमरी गांव के खेल मैदान में आयोजित राजपूताना क्रिकेट क्लब सेमरी के तत्वावधान में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज़ बेहद रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। आयोजन के पहले उद्घाटन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू और सरपंच रामबाबू सिंह, हरेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वहीं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता में कोई जाति बंधन नही होता हैं खेल प्रतियोगिता में सभी खेलने वाले खेल की भावना से खेले और जीत दर्ज कर नाम रौशन करें। पहले ही मैच में घोंघिया और डटरा-पुरसौली की टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डटरा-पुरसौली की टीम ने निर्धारित ओवरों में 145 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। टीम के बल्लेबाज राहुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 46 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घोंघिया की टीम ने दबाव के बीच बेहतरीन खेल दिखाया। टीम के बल्लेबाज मुकुल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए और टीम को 4 गेंद शेष रहते जीत दिला दी। मैन ऑफ द मैच मुकुल को उनकी शानदार मैच जिताऊ पारी के लिए मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



# ट्रैक्टर ढाबे में घुसा, चालक की मौत किशनगंज में स्टेयरिंग फेल होने से हादसा बिजली का पोल लादकर जा रहा था

**किशनगंज (बिहार),एजेंसी।** किशनगंज के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च पथ पर एलआरपी चौक के पास एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई। शुक्रवार को हुए इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि जिस समय यह घटना हुई, ढाबा बंद था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मृतक की पहचान अररिया के जोकीहाट थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद रेजा ( 22 वर्ष ) के रूप में हुई है, जो कुद्दूस आलम के पुत्र थे। वह ट्रैक्टर पर बिजली का पोल लादकर जा रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अचानक ट्रैक्टर का स्टेयरिंग फेल हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक ढाबे में जा घुसा। ट्रैक्टर पर लदा भारी पोल भी ढाबे की दीवार से टकराया। ढाबा बंद होने के कारण उस समय कोई ग्राहक मौजूद नहीं था, अन्यथा कई लोगों की जान जा सकती थी। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक मोहम्मद रेजा को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरा परिवार गहरे सदमे में है। सूचना मिलते ही बहादुरगंज थाना प्रभारी संदीप कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ अपर थाना प्रभारी दिलशाद, एसआई प्रिंस कुमार और राहुल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए किशनगंज सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में स्टेयरिंग फेल होना मुख्य वजह माना जा रहा है, हालांकि इसकी तकनीकी जांच भी कराई जाएगी। यह घटना राष्ट्रीय उच्च पथ पर हुई है, जहां वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। स्थानीय लोग अक्सर इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों और सड़क की खराब स्थिति को लेकर शिकायत करते



# लू और संभावित बाढ़-सुखाड़ को लेकर जिलाधिकारी ने विभागीय पदाधिकारियों को दिए निर्देश



**परवेज अख्तर/सिवान।** संभावित भीषण गर्मी, लू (हीट वेव) एवं सुखाड़ की स्थिति से निपटने को लेकर जिला समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान अबतक की तैयारियों की जानकारी लेते हुए पदाधिकारियों को आमजनों के स्वास्थ्य, पेयजल, पशुधन एवं आवश्यक सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि आमजनों को लू से बचाव के उपायों के बारे में व्यापक रूप से जागरूक किया जाए, ताकि संभावित जोखिमों को कम किया जा सके। बैठक के क्रम में प्राथमिकता के आधार पर नगर परिषद सहित अन्य सभी नगर पंचायत यथा आंदर, गोपालपुर, बड़हिरया, गुठनी, हसनपुरा, बसंतपुर, मैरवा, महाराजगंज नगर पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था करने को निर्देशित किया गया। साथ हीं खराब चापाकलों की मरम्मती कराने की भी बातें कही गई। सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद को सभी अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था करने, ओआरएस, आईवी फ्लूड एवं जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर चलंत चिकित्सा दल तैनात करने को कहा गया।

**सभी स्कूलों एवं परीक्षा केंद्रों में पेयजल एवं ओआरएस की व्यवस्था करें सुनिश्चित**

वहीं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधीक्षण अभियंता से खराब चापाकलों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा जहां नल-जल की सुविधा नहीं है, वहां टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ भूजल स्तर की नियमित समीक्षा करने को कहा गया। वहीं शिक्षा विभाग को भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का संचालन सुबह की पाली में कराने तथा सभी स्कूलों एवं परीक्षा केंद्रों में पेयजल एवं ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई। जबकि समाज कल्याण विभाग को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल व्यवस्था एवं लू से बचाव संबंधी जागरूकता सामग्री प्रदर्शित करने को कहा गया।पशु संसाधन विभाग को पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था तथा बीमार पशुओं के लिए चिकित्सा दल तैयार रखने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग को मनरेगा के अंतर्गत जल संरचनाओं की खुदाई में तेजी लाने तथा कार्यस्थलों पर पेयजल और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त परिवहन, श्रम संसाधन, पंचायती राज, ऊर्जा, पर्यावरण एवं अन्य संबंधित विभागों को भी लू से बचाव के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों से कहा कि भीषण गर्मी के दौरान आग लगने की घटनाओं की संभावना को देखते हुए विभागीय मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जन-धन की क्षति को न्यूनतम किया जा सके।

## इसुआपुर में 16 अप्रैल से शुरू होगा जनगणना प्रशिक्षण कार्य

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के लिए प्रतिनियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 16 अप्रैल से प्रखंड मुख्यालय स्थित खोभारी साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इसुआपुर में होगा। चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुनार सिंह ने बताया कि प्रतिनियुक्त कर्मियों का 9 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए 3 बैच बनाया गया हैं। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक, द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 19 अप्रैल से 23 अप्रैल तक तथा तृतीय बैच का प्रशिक्षण 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनीश कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी शशि शेखर तथा प्रखंड उद्यान पदाधिकारी मुकेश पटेल को कोषांग का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

## एडीजी संजय सिंह को मिला सिवान का जिला प्रभारी की कमान

**परवेज अख्तर/सिवान।**बिहार पुलिस मुख्यालय ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। पदस्थापित महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस उप महानिरीक्षक स्तर के पदाधिकारियों को जिलों का प्रभारी व नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। जिसमें सिवान जिला के जिला प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी की कमान एडीजी संजय सिंह को दी गई है। इसका उद्देश्य पुलिसिंग को और प्रभावी बनाना है।नोडल अधिकारी जिला में कानून-व्यवस्था, लंबित कांड, स्पीडी ट्रायल, अनुसंधान और थानों की कार्यप्रणाली जैसे करीब 18 बिंदुओं पर समीक्षा करेंगे। पदाधिकारी को अपने निरीक्षण के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर हर महीने डीजीपी को सौंपनी होगी। इसमें उनकी व्यक्तिगत टिप्पणी भी शामिल होगी।

## दहेज प्रताड़ना के बाद नवविवाहिता की हत्या का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के नवीगंज गांव में बीते शुक्रवार की सुबह नवविवाहिता प्रियंका देवी की संदिग्ध मौत के मामले में मृतका प्रियंका के पिता ने ससुराल पक्ष के 10 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पिता सारण जिला के जनता बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडितपुर गांव निवासी उमाशंकर साह ने बड़हरिया थाने में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री की शादी 25 दिसंबर 2025 को नवीगंज निवासी बुलेटिन साह के पुत्र विकास साह के साथ हुई थी। शादी में करीब चार लाख रुपये के गहने, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल दहेज में दिए गए थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुर बुलेटिन साह, सास देवमती देवी, पति विकास साह, ननद रूबी देवी, नंदोई गुड्डू साह, देवर राकेश साह, हरकेश साह सहित अन्य लोग सोने की अंगूठी और 50 हजार रुपये की मांग को लेकर प्रियंका को लगातार प्रताड़ित करते थे। पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी के साथ दामाद विकास के द्वारा मारपीट और दुर्व्यवहार भी किया जाता था। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 2026 को सुबह फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही जब वे परिवार के साथ नवीगंज पहुंचे तो देखा कि प्रियंका का शव कमरे में पलंग पर पड़ा हुआ था। इसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मृतका के पिता के आवेदन के आधार पर बड़हरिया थाना में कांड संख्या 159/26 के तहत प्राथमिकी की गई है।

## झाड़ी में लगी आग, अग्निशमन की टीम व ग्रामीणों की मदद से पाया गया काबू

**सिवान।** आंदर थाना क्षेत्र के बरवां गांव के ठाकुराहा के समीप शनिवार की दोपहर एक अचानक झाड़ी में आग लग गई। अभी लोग कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। कुछ ही देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी वहां पहुंची और बुझाने में सफलता पाई। ग्रामीणों ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा बींड़ी पीकर झाड़ी में फेंक दिया गया था। उस बींड़ी की चिंगारी से आग लग गई। आग की लपक गेहूं की फसल की तरफ बढ़ रही थी, लेकिन अग्निशमन वाहन की टीम व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

## भूमि पर कब्जा करने वाले 38 भू माफिया की सूची तैयार

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिले में भू-माफिया द्वारा कमजोर व्यक्ति के भूमि पर जबरन कब्जा जमाने वालों पर अब पुलिस की नजर है। जिला पुलिस ने ऐसे भू माफिया की सूची तैयार कर कार्रवाई करना शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि भू-माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 38 भू-माफियाओं की सूची बनाई गई है। जबकि सात भू-माफियाओं की न्यायालय द्वारा संपत्ति जब्तत करने का आदेश लगभग मिल गया है, जिसके लिए कार्रवाई चल रही है। अनाधिकृत अवैध कब्जे के मामले में दोषी लोगों के विरुद्ध पुलिस प्राथमिकी कर रही है। इतना ही नहीं अगर जरूरत पड़ी तो ऐसे भू-माफिया जेल भी भेजे जाएंगे। राजस्व व भूमि सुधार विभाग द्वारा जमीन विवाद के मामले में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने व दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से पत्र लिखा गया है। एसपी ने कहा कि बलशाली, दबंग व भू-माफिया लोग कमजोर व अप्रभावशाली व्यक्तियों की जमीन और संपत्ति पर बलपूर्वक कब्जा कर लेते हैं। इस कारण मजबूरन दूसरे कमजोर पक्ष को सक्षम न्यायालय जाने की नौबत आ जाती है।

## मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह के 14वीं संस्करण का आयोजन 21 जून को

**दैनिक खोज खबर/पटना।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना द्वारा इस वर्ष 14वीं बार 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आगामी 21 जून (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। समिति के संयोजक कन्हैया अग्रवाल 'कन्नू' ने बताया कि यह आयोजन खासतौर पर उन जरूरतमंद जोड़ों के लिए है, जिनकी शादी तय हो चुकी है लेकिन आर्थिक तंगी या उचित स्थान की कमी के कारण विवाह नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी जोड़ों का विवाह समिति द्वारा पूरी विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। सह-संयोजक जितेन्द्र कुमार 'जीतू' ने जानकारी दी कि विवाह कार्यक्रम में 51 मंडप और 51 पंडितों द्वारा सभी धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ शादी कराई जाएगी। इसके अलावा नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी बसाने के लिए आवश्यक उपहार सामग्री भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह को भव्य बनाने के लिए राणा प्रताप भवन मछुआटोली से बैंड-बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी, इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।समिति के आलोक आजाद के अनुसार पिछले 14 वर्षों से अब तक इस पहल के तहत 636 सफल जोड़ियों का विवाह कराया जा चुका है और इस वर्ष भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है।इस आयोजन में शामिल होने के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक जोड़े आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इस सामूहिक विवाह में शामिल हो सकते हैं। समिति ने स्पष्ट किया है कि इस आयोजन में किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। वर पक्ष से 12 और वधु पक्ष से 12 लोग समारोह में शामिल होकर विवाह की सभी रस्में पूरी कर सकते हैं। इसके लिए वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा वधु की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। इसके लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन हेतु कन्हैया अग्रवाल कन्नू- 9931158774, जितेन्द्र कुमार जीतू- 9835093400, पवन शर्मा- 9334105017 तथा राजीव- 9204719554 से संपर्क कर करवा सकते हैं।

## घर में आग लगने से हजारों की संपत्ति जली

**दरौली (सिवान)।** दरौली प्रखंड के विश्वनिया गुमावर गांव में शनिवार को एक घर में अचानक आग लग गई जिससे घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन, कागजात समेत करीब 80 हजार की संपत्ति जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह अचानक घर में आग लग गई। जब तक लोग समझ पाते आग विशाल रूप धारण कर ली और देखते ही देख घर में रखी अनाज, कपड़ा, कागजात, बर्तन समेत करीब 80 हजार की संपत्ति जलाकर राख कर दी। बाद में ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सकता, अन्यथा आग आसपास के घरों को आगोश में ले लेती।

## भूमि विवाद को ले हुई मारपीट मामले में प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के महम्मदा गांव में भूमि विवाद को ले दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में शुक्रवार को दोनों पक्ष ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। एक पक्ष से फूल कुमारी देवी के आवेदन पर मनोज कुमार, वशिष्ठ यादव और मंटू यादव के विरुद्ध मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया गया है जबकि दूसरे पक्ष के जगन्नाथ यादव के आवेदन पर वीरेंद्र शर्मा, परशुराम शर्मा, प्रशांत शर्मा सहित कुल छह लोग के खिलाफ मारपीट कर घायल करने का आरोप में लगाया गया है। दोनों पक्ष के आवेदन पर पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व मुखिया व पूर्व उपप्रमुख की श्रद्धांजलि सभा कल

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज प्रखंड के देवरिया पंचायत के पूर्व मुखिया व पूर्व प्रमुख रामाशंकर की श्रद्धांजलि सभा 13 अप्रैल को महुआरी गांव स्थित उनके निवास पर होगी। इस संबंध में पूर्व मुखिया के भतीजा प्रो. प्रभात सिंह ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक हेमनारायण साह, देवेशकांत सिंह, कर्मजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, रणधीर सिंह, विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होकरप सिंह को श्रद्धां जलि देंगे। उन्होंने कहा कि सिंह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के अनुयायी थे।

## ज्योतिबा फूले की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** प्रखण्ड के पीर मकेर पंचायत स्थित माली टोला ललन भगत के आवास पर महात्मा ज्योतिबा फूले की जन्म जयंती राकेश भगत की अध्यक्षता में मनाई गई। मंच संचालन के दौरान वार्ड सदस्य मनीष कुमार मालाकार ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले की जन्म 11अप्रैल 1827 को महाराष्ट के एक साधारण परिवार में हुआ था 13 वर्ष की अवस्था में इनकी शादी सावित्रीबाई फूले से हुई थी,उस समय समाज में बाल विवाह, छुआछूत ,नारी शिक्षा का अभाव जैसे अनेकों कुरीतियों प्रचलित थी, जिसका विरोध करते हुए फूले दंपत्ति ने देश में प्रथम बालिका स्कूल खोला एवं महिलाओं को पढ़ाने पर बल दिया, महात्मा ज्योतिबा फूले सामाजिक क्रांति के प्रणेता,महान समाज सुधारक,लेखक, दार्शनिक तथा सत्यशोधक समाज के संस्थापक भी रहे,आज के दौर में युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए एवं सशक्त समाज के गठन में अहम भूमिका निभाई जानी चाहिए, कार्यक्रम का संबोधन सुनील भगत, उमेश भगत, डा.सुरेश भगत ,चंदन कुमार, मनोहर मल्होत्रा ने किया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ हनुमान मंदिर के प्रांगण में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू



**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** मकेर प्रखंड के भाथा सोनहो पटेल चौक अवस्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में शनिवार को भक्ति भाव के साथ 24 घन्टे के अखंड अष्टयाम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हाथी घोड़ा ऊंट के साथ जिसमें 1001 कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर फुलावरिया दुर्गा मंदिर परिसर में से जल भेज कर भ्रमण किया। आचार्य अनिल मिश्रा एवं सुनील मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलबोझी करवाया। जिसके बाद अखंड अष्टयाम का शुभारंभ हुआ। यजमान के रुप में बबलू सिन सिंह एवं उनकी पत्नी पूनम देवी फुलवरिया पैक्स अध्यक्ष सुधीश सिंह एवं समित प्रतिनिधि संजीव सिंह राजेश सिंह अरबिंद सिंह सुभाष सिंह शशांक कुमार उर्फ गोलू सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में पांच कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। सिद्धपीठ होने व यहां आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए हजार से अधिक लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। एवं मानव कल्याण एवम पर्यावरण शुद्धि हेतु की गई अष्टयाम में लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही प्रखंड की उन्नति एवम समाज की कल्याण हेतु मनोयोग से रामनाम का गायन किया एवं अष्टयाम समापन के रात में संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है जिसमें सिंगार बिट्टू तिवारी एवं महिला सिंगार मनीषा राज अपना प्रदर्शन कर लोगों को मनोरंजन कराएगी।

## एक दिवसीय रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर में जमा हुए 52 बायोडाटा,10 का अंतिम रूप से हुआ चयन



**परवेज अख्तर/सिवान।** युवा,रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में शनिवार को जिला नियोजनालय द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में एक दिवसीय रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नियोक्ता हरिओम फीड्स प्राइवेट लिमिटेड, गोपालगंज द्वारा विभिन्न रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए चयन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि जाब कैंप में अलग-अलग पदों के लिए कुल 52 अभ्यर्थियों द्वारा बायोडाटा जमा किया गया। इसमें से साक्षात्कार के बाद अंतिम रूप से 10 उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया। इस दौरान उपस्थित युवाओं को सात निश्चय योजना के तहत आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना व कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। रोजगार शिविर में हरिओम फीड्स प्राइवेट लिमिटेड के एचआर शोएब के अलावा सहायक विनोद कुमार व कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।



## मंडल कारा में डीएम-एसपी के नेतृत्व में हुई छापेमारी




**परवेज अख्तर/सिवान।** मंडल कारा में शनिवार की सुबह मुख्यालय के आदेश पर डीएम विवेक रंजन मैत्रेय और पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में मुख्यालय के पांच थानों के पुलिस पदाधिकारी, जवान व पुलिस केंद्र से अतिरिक्त बल को बुलाया गया था जिसमें पुरुष व महिला बल शामिल थे। छापेमारी सुबह छह से सात बजकर दस मिनट तक हुई। अचानक छापेमारी की सूचना पर जेल प्रशासन सहित बंदियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के क्रम में जेल के सभी वार्डों की सघन तलाशी ली गई। लगभग एक घंटे तक चली छापेमारी में जिला प्रशासन को कुछ भी बरामद नहीं हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जेल में सबसे पहले महिला बंदियों के वार्ड की जांच के लिए डीएम ने महिला पुलिस बल को भेजा। इसके बाद जेल के हर वार्ड में छापेमारी के लिए अलग-अलग पुलिस पदाधिकारियों को जवानों के साथ भेजा गया। इस संबंध में मंडल कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि शनिवार की सुबह छह बजे से सात बजकर दस मिनट तक डीएम व एसपी की अध्यक्षता में मंडल कारा का औचक छापेमारी व तलाशी ली गई। औचक छापेमारी के दौरान किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित सामग्री बरामद नहीं हुआ। उक्त छापेमारी पर सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन अजय कुमार सिंह, काराधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा, उपाधीक्षक दिनेश कुमार ठाकुर, सहायक अधीक्षक एवं अन्य कारा कर्मी मौजूद थे।

# इंटरमीडिएट व वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान



**परवेज अख्तर/सिवान।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में कार्यक्रम आयोजित कर इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में राज्य स्तर सहित जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके अभिभावक एवं संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक भी सम्मानित किए गए। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए और अधिक मेहनत करने और लगन से शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को यह संदेश दिया कि आप सब के लिए भविष्य में अपार संभावनाएं मौजूद है। उन्होंने कहा कि अनुशासन के साथ सही मार्गदर्शन में सार्थक प्रयास करने पर अपने लक्ष्य में अवश्य सफल होगें और जिला के साथ-साथ राज्य का भी नाम रोशन करेंगे। इंटरमीडिएट परीक्षा में कला संकाय में 476 अंक के साथ प्रथम रैकिंग प्राप्त करने वाली गोपालजी प्रसाद उच्च विद्यालय सानी बसंतपुर की छात्रा अमृता कुमारी, 474 अंक के साथ द्वितीय रैकिंग पाने वाले राजकीयकृत हाईस्कूल सह इंटर कालेज चैनपुर के छात्र अभिनव कश्यप व 470 अंक के साथ तृतीय रैकिंग पर रही दारोगा प्रसाद राय कालेज की छात्रा सादिया अफरोज को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटों देकर सम्मानित किया। वहीं वाणिज्य संकाय में 463 अंक के साथ पहले रैकिंग पर रहे प्लस टू स्कूल सैदपुरा के छात्र जोहैर अहमद, 461 अंक के साथ द्वितीय रैकिंग पाने वाली गोरख सिंह कालेज महाराजगंज की छात्रा नव्या कुमारी व 450 अंक के साथ तीसरे रैकिंग पर रहे सेंट्रल हाईस्कूल सह इंटर कालेज गौर बाजार आंदर की छात्रा लक्की शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में 470 अंक प्राप्त करने वाली उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कुड़वा बड़हरिया की छात्रा नाजिश परवीन, 469 अंक प्राप्त कर दूसरे रैकिंग पर रही लोकमान्य तिलक उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज गुठनी की छात्रा तनु यादव व प्लस टू भुवनेश्वर फतह आलम उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज बाबूहाता उरांव के छात्र सूरज कुमार तथा 468 अंक के साथ तीसरे रैकिंग पर रही सलोनी कुमारी को डीएम ने सम्मानित किया।वहीं दूसरी ओर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 484 अंक के साथ पहले रैकिंग पर रही जनता हाईस्कूल मुस्सेपुर की छात्रा सृष्टि सिंह व उच्च माध्यमिक विद्यालय हरिहांस पूर्वी के छात्र अंकित कुमार यादव, 483 अंक प्राप्त कर दूसरे पायदान पर रहे उत्क्रमित हाईस्कूल करचोलिया के छात्र आतिश कुमार तथा 482 अंक के साथ तीसरे रैकिंग पर रहे हायर सेकेंडरी स्कूल भीखमपुर के छात्र शिवम कुमार को डीएम सहित अन्य पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

